दिनांक 18-05-2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

विभिन्न स्रोतों से बहने वाले गंदे पानी को फाइटोराइट पद्धति से किया जा रहा शुद्ध, आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने किया निरीक्षण

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी द्वारा भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के समीप एवं नवनिर्मित बस डिपो के पीछे कोसा नाला क्षेत्र मे स्थापित फाइटो राइट पद्धति से संचालित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया! इकोलॉजिक साइंस टेक्निक प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा तैयार किया गया फाइटो राइट एक ऐसी पद्धति है जो नाले में बहने वाले गंदे पानी को जिसमें सॉलिड वेस्ट के साथ साथ विभिन्न प्रकार के पदार्थ जैसे पॉलिथीन आदि जल में मिश्रित रहते हैं , विशुद्ध रहते हैं को सर्वप्रथम शेल्टर टैंक एवं जाली के माध्यम से रोक दिया जाता है जिससे जितने सॉलिड वेस्ट मटेरियल एवं ठोस पदार्थ है वह शेल्टर टैंक के ऊपर ही रह जाते हैं तत्पश्चात पांच प्रकार की विभिन्न उपचार पद्धति द्वारा उपचारित किया जाता है जिसे फाइटोराइट बेड कहा जाता है इस बेड की खासियत यह है कि इसमें डाले हुए गिट्टी मे बायो मीडिया जीवाणु होता है जोकि पानी मे बहने वाले छोटे-छोटे हानिकारक एवं अनुपयोगी पदार्थों को खत्म करने का कार्य करता है इसी पद्धति में पौधों का भी विशेष महत्व होता है यह पौधे विशेष प्रकार के पौधे होते हैं जो पानी में ही जीवित रहते हैं तथा इनके जड़ पानी में तैरते रहते हैं जोकि हानिकारक तत्व को ग्रहण कर लेते हैं जिससे पानी शुद्धिकरण हो जाता है , इसके बाद जो पानी शेष बचता है वह शुद्ध पानी अन्य कई कार्यों में उपयोग किया जा सकता है, यह पानी को संग्रहण करने का एक अच्छा जरिया है!

आयुक्त सुंदरानी के निर्देश पर इस प्लांट को चालू कर दिया गया है जिसका निरीक्षण करने आयुक्त पहुंचे थे जहां पर उन्होंने टंकी पर चढ़कर पानी संग्रहण की जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ पानी आने एवं उपयोग के तरीके के बारे में विस्तृत चर्चा की!

विद्युत आपूर्ति के लिए सोलर एनर्जी प्लांट स्थापित कर लगाने के निर्देश उपस्थित कार्यपालन अभियंता जल कार्य टी.के. रणदीवे को दिए हैं जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है जल्द ही इसकी स्थापना कर दी जाएगी , आयुक्त महोदय ने कहा कि सोलर एनर्जी प्लांट के साथ साथ वाहन पार्किंग व्यवस्था की कार्य योजना भी तैयार करें साथ ही उपचारित जल का उपयोग टंकी मे स्टोर करके विभिन्न कार्यों जैसे सिटी बस की फ्लशिंग एवं निगम भिलाई के विभिन्न निर्माण कार्य मे करने के निर्देश दिए हैं!

आयुक्त महोदय ने कहा कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के द्वारा शुद्ध हुए पानी का उपयोग के लिए प्राकृतिक बहाव का चयन करें एवं पास स्थित स्थल में जोकि गड्ढे नुमा आकृति का है पानी को एकत्रित करने का कार्य करें जिस पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है तथा नाली बनाकर एकत्रित करने का कार्य किया जा रहा है अब इस पानी का उपयोग विभिन्न कार्यों के लिए किया जाएगा!
निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता आर.के. साहू , उपायुक्त अशोक द्विवेदी , जोन आयुक्त बी.के. देवांगन कार्यपालन अभियंता जल कार्य टी.के. रणदिवे , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा , सहायक अभियंता सुनील दुबे एवं बृजेश श्रीवास्तव सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे!